# राजस्थान सरकार
## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

जी–3/1 अम्बेडकर भवन, राजमहल पैलेस के पास, जयपुर

क्रमांकः–एफ.1(2)(03222)स्था./सान्याअवि/2026/ई–03222 जयपुर, दिनांकः–यथा ई–हस्ताक्षरित

**आदेश**

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित छात्रावास अधीक्षक ग्रेड–।। सीधी भर्ती–2024 का दिनांक 15.10.2024 को परिणाम जारी कर उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की वरीयता सूची सह परीक्षा परिणाम सूची विभाग को प्रेषित की है। विभाग द्वारा जारी नियुक्ति आदेश में कार्यग्रहण नहीं किये जाने वाले अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश निरस्त किये जाने के पर प्रतीक्षा सूची एवं बकाया पदों के लिये परिणाम जारी करने हेतु अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के लिए सूचीबद्ध किया गया है। उक्त सूची पूर्णतया अस्थाई अनन्तिम (Purely Provisional) है। पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के पश्चात पात्र पाये गये अभ्यर्थियों में से रिक्त पदों के अनुसार वरीयता के आधार पर श्रेणीवार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 05.03.2026 को प्रातः 09.30 बजे से निदेशालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जी–3/1 अम्बेडकर भवन, राजमहल पैलेस के पास, जयपुर में किया जावेगा। सूचीबद्ध निम्नलिखित अभ्यर्थी पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन हेतु दिनांक को आवश्यक रूप से उपस्थित होवें। अनुपस्थित अभ्यर्थियों को इसके अलावा अलग से कोई अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा। उक्त निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर अस्थायी चयन निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी जिम्मेदारी अभ्यर्थी स्वंय की होगा। तिथि वार दस्तावेज सत्यापन हेतु अनन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के रोल नम्बर निम्नानुसार हैः–

**गैर अनुसूचित क्षेत्र (रोल नं.)**

| दिनांक एवं समय | रोल नम्बर | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 05.03.2026 (09.30 AM) | 329162 | 328586 | 326261 | 325281 | 327206 |
| | 327548 | 330774 | 326897 | 328426 | 327815 |
| | 326205 | 327478 | 329142 | 330708 | 329867 |

उपरोक्त अभ्यर्थी निर्धारित दिनांक 05.03.2026 को प्रातः 9.30 बजे से पात्रता जांच हेतु आवेदन पत्र एवं विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म की प्रति एवं मय स्व प्रमाणित दस्तावेज व समस्त मूल दस्तावेजों के साथ आवश्यक रूप से निदेशालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उपरोक्त अभ्यर्थी ऑफलाईन आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म भर कर 100 रूपये का पोस्टल आर्डर सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम एवं समस्त मूल दस्तावेज लाना सुनिश्चित करें।

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावेः–

1. समस्त अभ्यर्थी छात्रावास अधीक्षक ग्रेड–।। सीधी भर्ती–2024 के लिये राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा दिनांक 13.02.2024 को जारी विज्ञापन संख्या 02/2024 को ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लें।
2. अभ्यर्थी 02 प्रतियों में ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म (Detalied Form Cum Scrutiny) मय समस्त दस्तावेजों की स्व प्रमाणित प्रति एवं जमा फीस की प्रति अपने साथ लाये।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, चरित्र, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र, समस्त आवश्यक दस्तावेज एवं प्रमाण–पत्र तथा स्वयं का पहचान पत्र एवं 02 नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो आवश्यक रूप से साथ लावें।
4. अभ्यर्थी अपना ई–आधार डाउनलोड कर जिसमे QR-Code अंकित हो की प्रति आवश्यक रूप से साथ लावें।
5. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न करें।

अतिरिक्त निदेशक (सतर्कता एवं प्रशासन)

क्रमांकः–एफ.1(2)(03222)स्था./सान्याअवि/2026/ई–03222 जयपुर, दिनांकः–यथा ई–हस्ताक्षरित

1. सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्तानुसार सूचना बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करावे।
2. अतिरिक्त निदेशक (विशेष पिछड़ा वर्ग) एवं नोडल अधिकारी, पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन प्रकोष्ठ, मुख्यालय।
3. संयुक्त निदेशक (आई.टी.), मुख्यालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
4. कार्यालय पत्रावली।

अतिरिक्त निदेशक (सतर्कता एवं प्रशासन)

Document certified by Jagdish Prasad Bairwa <Jpbairwadsa@gmail.com>.

Digitally Signed by JAGDISH PRASAD BAIRWA
Designation : Additional Director
Date :27-02-2026 05:20:21

**RajKaj Ref No.: 20820528**

eSign DSC